Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7408	19.05.2023	19.05.2023	Maharajganj Uttar Pradesh	www.livehindustan.com/Hindi https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/maharajganj/story-70-people-suspected-of-kala-azar-fever-not-coming-down-since-14-days-8182566.html
Title:	**70 people suspected of kala-azar fever reported from Maharajganj, Uttar Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU- Maharajganj, SSU- Uttar Pradesh			

जिले के 70 लोगों को दो सप्ताह से बुखार नहीं उतर रहा है। इलाज के बाद भी हालत में सुधार नहीं होने पर कालाजार की आशंका हो गई है। ब्लाक सीएचसी की रिपोर्ट पर मलेरिया विभाग हरकत में आ गया है। विभाग इन पीड़ितों के घर पहुंचकर कालाजार की जांच करेगा। बीमारी की पुष्टि होने पर पीड़ितों की इलाज के साथ ही गांव में निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जिले को वर्ष 2025 तक कालाजार से मुक्त करना है। इसके लिए स्वास्थ्य प्रशासन ने बुखार पीड़ितों का सर्वेकराया है। ब्लाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर हुई सर्वे में 70 ऐसे पीड़ित मिले हैं, जिन्हें 14 दिन से बुखार नहीं उतर रहा है। दवा लेने के बाद बुखार नहीं उतरने पर इनमें कालाजार होने की आशंका अधिक हो गई है। ब्लाक सीएचसी की रिपोर्ट में मलेरिया विभाग अब इन पीड़ितों के घर पहुंचकर किट से कालाजार की जांच करेगा।

बालूमक्खी से होता है कालाजार

बालूमक्खी के काटने से व्यक्ति कालाजार से पीड़ित हो जाता है। बालूमक्खी को आंख से नहीं देखा जा सकता है। इसे देखने के लिए माइक्रोस्कोप का सहारा लेना पड़ता है।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1

यह मक्खी उड़ती नहीं है। फुदकती है। एक बार में यह करीब छह फीट तक फुदक सकती है।

कालाजार के लक्षण

दो सप्ताह से लगातार बुखार आना, भूख न लगना, हाथ-पैर पतला होने के साथ पेट निकलने लगता है। स्कीन में परिवर्तन होने लगते हैं।

आरके 39 किट से बीमारी होती है जांच

कालाजार बीमारी की पुष्टि आरके 39 किट से होती है। किट लेने के लिए मलेरिया विभाग के कर्मचारी लखनऊ गए है। किट उपलब्ध होतेही पीड़ितों के घर पहुंचकर जांच की जाएगी।

जिले में दो कालाजार पीड़ितों में एक की हो चुकी है मौत

जिले में अब तक दो कालाजार पीड़ित मिल चुके हैं। इसमें नौतनवा क्षेत्र का पीड़ित इलाज के बाद स्वस्थ हो चुका है। लेकिन पुलिस लाइन निवासी पीड़ित के घर से एक किलोमीटर परिधि में करना होता है निरोधात्मक कार्य कालाजार पीड़ित के घर से लेकर एक किलोमीटर परिधि में पड़ने वाले घरों में बालूमक्खी होनेकी आशंका अधिका होती है। ऐसेमेंइस पूरे एरिया में मलेरिया विभाग को निरोधात्मक कार्यकरना है। आईआरएस सिंथेटिक सेछह फीट तक मकान के दिवालों पर छिड़काव होता है। छह माह पर निरोधात्मक कार्यकरना है। अर्थात साल मेंदो बार प्रभावित गांव मेंघर-घर मेंछिड़काव कार्यहोता है।

ब्लाक सीएचसी की रिपोर्ट उपलब्ध हो गई है। कालाजार के सस्पेक्टेड 70 पीड़ित चिह्नित किए गए हैं। लखनऊ सेकिट उपलब्ध होतेही इन पीड़ितों के घर पहुंचकर जांच की जाएगी। बीमारी की पुष्टि होनेपर पीड़ित को इलाज के लिए कुशीनगर भेजा जाएगा। गांव के घर-घर मेंछिड़काव कार्यकिया जाएगा।

त्रिभुवन चौधरी, जिला मलेरिया अधिकार

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921

https://twitter.com/MSVC1